# घर में लेड पेंट के खतरे

## घरों को सुरक्षित रखने के लिए किरायेदारों को क्या पता होना चाहिए और इमारत के मालिकों को क्या करना चाहिए

यह NYC Health Department (एनवाईसी स्वास्थ्य विभाग) के ब्रोशर का एक प्रिंटर-फ़्रेंडली वर्ज़न है जिसका शीर्षक है "घर में लेड पेंट के खतरे।"

लेड एक ज़हर है जो अक्सर पुराने पेंट में पाया जाता है। लेड के ज़हर के असर से बच्चों में सीखने और व्यवहार संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। 1960 से पहले बनी इमारतों की दीवारों, खिड़कियों, खिडकियों के तल की पट्टी, दरवाज़ों या अन्य सतहों पर लेड पेंट हो सकता है।

यदि पेंट छिल जाता है या असुरक्षित तरीके से मरम्मत की जाती है, तो लेड पेंट और धूल आपके घर के चारों ओर फैल सकती है। जब बच्चे अपने हाथ या खिलौने मुँह में डालते हैं, तो वे लेड की धूल निगल सकते हैं।

कुछ पुरानी किराये की इमारतों के मालिकों को उन अपार्टमेंटों में लेड पेंट के खतरों को ठीक करना होगा जहां 5 या उससे कम उम्र के बच्चे रहते हैं या हर हफ्ते कम से कम 10 घंटे बिताते हैं।

**लेड पेंट के खतरों** में लेड पेंट जो छिल रहा है या खराब है या सतहों पर है जैसे कि गिरते हुए प्लास्टर, सड़ी हुई लकड़ी और दरवाज़े और खिड़कियाँ जो एक साथ छूते, चिपकते या रगड़ते हैं, शामिल है।

### इमारत के मालिकों को चाहिए:

- एक वार्षिक नोटिस भेजकर किरायेदारों से पूछें कि क्या 5 या उससे कम उम्र का कोई बच्चा उनके अपार्टमेंट में रहता है या हर हफ़्ते कम से कम 10 घंटे बिताता है।
- लेड पेंट के खतरों के लिए छोटे बच्चों वाले अपार्टमेंट का निरीक्षण करें और किरायेदारों को निरीक्षण परिणाम दें।
- सुरक्षित कार्य के तरीकों का इस्तेमाल करके सभी किराये के घरों में लेड पेंट के खतरों को ठीक करें। किसी नए किरायेदार के आने से पहले खिड़कियों और दरवाज़ों पर कोई लेड पेंट नहीं होना चाहिए जो छूते, चिपकते या आपस में रगड़ खाते हों।
- यदि अपार्टमेंट में रहने वाले किरायेदार के साथ लेड पेंट के खतरों को सुरक्षित रूप से ठीक नहीं किया जा सकता है, तो अस्थायी आवास प्रदान करें।
- जब किसी कमरे में 100 वर्ग फुट से अधिक लेड पेंट को हटाया जाए या दो या अधिक पेंट की गई खिड़कियों को बदला जाए तो न्यू यॉर्क शहर (New York City, NYC) के Department of Health and Mental Hygiene (स्वास्थ्य और मानसिक स्वच्छता विभाग) को सूचित करें।
- लेड पेंट निरीक्षण, नोटिस और मरम्मत से संबंधित रिकॉर्ड कम से कम 10 वर्षों तक रखें।

### किरायेदारों को चाहिए:

- वार्षिक नोटिस 15 फरवरी तक भर कर लौटा दें।
- यदि उनके घर में कोई बच्चा है या 5 वर्ष या उससे कम उम्र का कोई बच्चा उनके घर में रहने या हर हफ़्ते कम से कम 10 घंटे बिताने के लिए आता है, तो अपनी इमारत के मालिक को लिखित रूप से सूचित करें।

### सुरक्षित कार्य के तरीके:

- लेड पेंट के खतरों को ठीक करते समय और लेड पेंट को हटाने वाली मरम्मत करते समय U.S. EPA-प्रमाणित कर्मियों का इस्तेमाल करें।
- कार्य क्षेत्र के बाहर चेतावनी संकेत लगाएं।
- सभी फ़र्नीचर को हटा दें या ढक दें। फ़र्श, दरवाज़ों और अन्य खुले स्थानों को प्लास्टिक और वॉटरप्रूफ़ टेप से सील करें।
- कार्य क्षेत्र को हर दिन गीले पोछे या HEPA वैक्यूम से साफ करें। काम पूरा होने के बाद अंतिम सफाई के लिए, HEPA वैक्यूम से साफ करें, फिर गीले पोछे से, फिर दोबारा HEPA वैक्यूम से साफ करें।
- काम पूरा होने के बाद एक स्वतंत्र EPA-प्रमाणित ठेकेदार से क्लीयरेंस डस्ट वाइप्स ले लें, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि लेड की धूल का स्तर सुरक्षित है।

**लेड पेंट को कभी भी सूखा खुरचना या सूखा रेगमाल से हटाना नहीं चाहिए।**

**5-वर्षीय परीक्षण आवश्यकता (2020 का स्थानीय कानून 31)**
इमारत के मालिकों को अगस्त 2025 तक या 5 या उससे कम उम्र के बच्चे के रहने या एक अपार्टमेंट में हर हफ़्ते कम से कम 10 घंटे बिताने के एक वर्ष के अंदर सभी अपार्टमेंटों में लेड पेंट का परीक्षण करना होगा।

## लेड पेंट का उल्लंघन

- यदि कोई किरायेदार **311** पर शिकायत करता है तो NYC (एनवाईसी) Department of Housing Preservation and Development (आवास संरक्षण और विकास विभाग) HPD (एचपीडी) पुरानी इमारतों में छोटे बच्चों वाले अपार्टमेंट का निरीक्षण करेगा।
- यदि HPD (एचपीडी) को लेड पेंट के खतरे का पता चलता है, तो इमारत के मालिक को उल्लंघन का दोषी माना जाएगा और एक निश्चित समय तक खतरे को ठीक करने की ज़रूरत होगी।
- इमारत के मालिकों को लेड पेंट के खतरों के उल्लंघन को ठीक करने या लेड पेंट को हटाने के लिए सुरक्षित कार्य के तरीकों का इस्तेमाल करना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए, **nyc.gov/hpd** पर जाएं और **लीड-आधारित पेंट का पता करें**।
- HPD (एचपीडी) सभी उल्लंघनों का दोबारा निरीक्षण करेगा और साथ ही लेड पेंट के किसी भी खतरे को ठीक करेगा जो एक इमारत का मालिक नहीं करता। किरायेदारों को किसी भी ज़रूरी मरम्मत के लिए HPD (एचपीडी) को अपने अपार्टमेंट में आने की अनुमति देनी चाहिए।
- HPD (एचपीडी) इमारत के रिकॉर्ड का ऑडिट कर सकता है और लेड पेंट के खतरों के लिए और खाली होने के दौरान काम करने में विफलता के लिए पूरी इमारतों का निरीक्षण कर सकता है।

## लेड के ज़हर के असर को रोकने में सहायता:

- **311** पर कॉल करें:
  - जानें कि लीड टेस्ट कैसे कराएं।
  - यदि आपकी इमारत का मालिक हटे हुए पेंट को ठीक नहीं करता या असुरक्षित मरम्मत कर रहा है तो रिपोर्ट करें।
  - पीने के पानी के लिए फ़्री लेड परीक्षण किट ऑर्डर करें।
  - इस दस्तावेज़ के ब्रोशर वर्ज़न या लेड के बारे में अन्य सामग्रियों की कॉपी ऑर्डर करें।
- फ़र्श, खिड़कियां, हाथ, खिलौने और पैसिफ़ायर को बार-बार धोएं।
- अपने बच्चे में लेड के परीक्षण के बारे में अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें। प्रदाता ढूंढने में सहायता के लिए, **311** या 844-692-4692 पर कॉल करें।

किराये के घरों वाली इमारत के मालिकों को किरायेदारों को इस दस्तावेज़ की एक मुद्रित या डिजिटल कॉपी या ब्रोशर वर्ज़न (शीर्षक "घर में लेड पेंट के खतरे") देना होगा जब वे किसी लीज़ पर हस्ताक्षर करते हैं या किसी अपार्टमेंट में जाते हैं यदि इमारत को 1960 से पहले बनाया गया था (या 1960 और 1978 के बीच अगर इसमें लेड पेंट है)। इस दस्तावेज़ और ब्रोशर वर्ज़न में लेड पेंट के बारे में बुनियादी जानकारी है, कानूनी सलाह नहीं।

इसके बारे में अधिक जानकारी के लिए:

- लेड के ज़हर के असर की रोकथाम, **nyc.gov/lead** पर जाएं
- इमारत के मालिकों के लिए लेड के ज़हर का असर, **nyc.gov/health** पर जाएं और **लेड और इमारत के मालिकों का पता करें**
- कानून और लागू नियम, वेबिनार, और मालिक के मार्गदर्शन, **nyc.gov/hpd पर जाएं और लेड के ज़हर के असर का पता करें**

NYC Department of Health & Mental Hygiene | Department of Housing Preservation and Development